Mangal Murti Ram Dulare Lyrics Hindi

मंगल मूर्ति राम दुलारे
आन पड़ा अब तेरे द्वारे
हे बजरंगबली हनुमान
हे महावीर करो कल्याण
मंगल मूर्ति राम दुलारे |1|

तीनो लोग तेरा उजियारा
दुखीयो का तूने काज संवारा
हे जग वंदन केसरी नंदन
कष्ट हरो हे कृपा निधान
हे महावीर करो कल्याण |2|

तेरे द्वारे जो भी आया
खाली नहीं कोई लौट आया
दुर्गम काज बनावल हारी
मंगलमय दीजो वरदान
हे महावीर करो कल्याण |3|

तेरा सुमिरन हनुमत वीरा
नासे रोग हरे सब पीरा
राम लखन सीता मन बसिया
चरण पड़े का कीजे ध्यान
हे महावीर करो कल्याण |4|

भक्ति की ज्योत जगा दो मन में
राम कृपा बरसे मेरे मन में
बल बुद्धि विद्या के दाता
हर लीजे मन का अज्ञान
हे महावीर करो कल्याण |5|

मंगल मूर्ति राम दुलारे
आन पड़ा अब तेरे द्वारे
हे बजरंगबली हनुमान
हे महावीर करो कल्याण
हे महावीर करो कल्याण |6|